





## एक नजर में

### पूरी रात की अपराधियों की धरपकड़ करने सड़क पर उतरी जिले की पुलिस



**शाजापुर, 22 दिसंबर.** जिले की पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए पूरी रात कांबिंग गश्त की .इस दौरान पुलिस ने सड़क पर चलने वाले वाहनों की चेकिंग की. वहीं वारंटियों की धरपकड़ भी की. इस अभियान में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल सक्रिय रूप से शामिल रहे. अभियान से पूर्व सभी पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ब्रीफिंग कर रवाना किया गया. वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वयं रातभर विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर अभियान की सतत निगरानी की गई. इस दौरान पुलिस ने 37 स्थायी वारंटी एवं 72 गिरफ्तारी वारंटों की तामील किया, 03 जिला बदर अपराधियों एवं 125 गुण्डा हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की सघन चेकिंग की. पुलिस ने आबकारी एक्ट के अंतर्गत 02 प्रकरण भी दर्ज किए .इसके अलावा जिले की 34 होटल, लाज,ढाबा एवं धर्मशालाओं की जांच भी की ताकि आपराधिक तत्वों की धरपकड़ की जा सके. पुलिस ने बैंक, एटीएम एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी भी की. गश्त के दौरान पुलिस टीमों द्वारा सक्रिय बदमाशों, हाल ही में जेल से रिहा अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई कि वे इन दिनों कहां सक्रिय है. साथ ही उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी गई कि किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी .अभियान के अंतर्गत गुण्डा एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकार्ड को अद्यतन करते हुए उन पर सतत निगरानी की कार्यवाही की गई.

**300 से अधिक पुलिसकर्मी हुए शामिल**

इस अभियान में जिले भर के 300 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल हुए जिन्होंने पूरी रात जिले में गश्त करते हुए लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जगाया. इस दौरान पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में भी निगरानी की और नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया ताकि नगरवासी चैन की नींद सो सकें. पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने बताया कि शाजापुर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है. अपराधियों पर निरंतर निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने हेतु ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे.

### बच्चों को बताया कैसे काम करती है पुलिस



**शाजापुर, 22 दिसंबर.** सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत यूनिसेफ मध्यप्रदेश की तकनीकी सहायता से संचालित सृजन कार्यक्रम के तहत जिला शाजापुर में निरंतर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. एसपी यशपालसिंह राजपूत के सोमवार को विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को पुलिस लाइन शाजापुर, होमगार्ड लाइन शाजापुर, पुलिस कंट्रोल रूम एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं साइबर सेल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य किशोर किशोरियों को पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराते हुए उनमें आत्मरक्षा, लैंगिक समानता, कानूनी जागरूकता, नेतृत्व क्षमता तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करना है. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आत्मरक्षा कौशल, व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय, कानूनी अधिकारों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी दी गई. साथ ही पुलिस विभाग की विभिन्न इकाइयों की भूमिका, कार्यक्षेत्र एवं जनसेवा में उनके योगदान के बारे में भी अवगत कराया गया. कार्यक्रम में जन साहस संस्था की टीम द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे किशोर किशोरियों में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता एवं समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो सके.

### 24 को मनाएंगे सुशासन दिवस

**शाजापुर, 22 दिसंबर.** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर 2025 को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा. सुशासन दिवस पर समस्त शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में 24 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे सुशासन की शपथ ली जाएगी.

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**शाजापुर, 22 दिसंबर.** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतगांव में 24 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं रागरयाओं के निदान के लिए अवगत कराया जाएगा. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजन में अपने-अपने विभाग/कार्यालय द्वारा संचालित शासन की योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी उपभोक्ताओं को प्रदाय करने के लिए विभाग व योजनाओ से संबंधित पोस्टर-बैनर एवं उपकरण आदि के साथ निर्धारित समय से 1 घंटा पूर्व दोपहर 12 बजे निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें.

### प्राचार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाजापुर, 22 दिसंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार लोक शिक्षण संभाग उज्जैन संयुक्त संचालक के मार्गदर्शन में विगत 20 दिसंबर को शाजापुर जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शाजापुर में किया गया .बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की प्रगति की समीक्षा तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा. इस अवसर पर अन सिंह बघेल सहायक संचालक, लोक शिक्षण संभाग उज्जैन, सुश्री हिमानी लोदवाल, सहायक संचालक लोक शिक्षण संभाग उज्जैन तथा राजेन्द्र सिंह शिप्रे जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की. जिसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई. कमजोर विषयों एवं कक्षाओं की पहचान कर उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण की स्थिति पर चर्चा हुई. प्राचार्यों को परिणाम सुधार के लिए नियमित परीक्षण एवं विषयवार विश्लेषण करने के निर्देश दिए गए. जिन विद्यालयों का गत वर्ष परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत कम रहा, उनके द्वारा तैयार की गई परिणाम सुधार कार्ययोजना प्रस्तुत की गई. संचालन जिला परीक्षा प्रभारी राजेश वर्मा ने किया. इस दौरान सभी विकासखंड से विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहायक परियोजना समन्वयक ओमप्रकाश पाटीदार एवं जिला योजना अधिकारी दीपक शर्मा एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी विक्रम सिंह धाकड़ सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

# गणित के बिना हम सब अधूरे हैं, गणित एक रोचक विषय

## श्री निवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**शाजापुर, 22 दिसंबर. श्री निवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न क्षैक्षणिक संस्थाओं में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीकेएसएन महाविद्यालय सहित विभिन्न संस्थाओं में यह आयोजन हुए.**




शहर के किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया. प्रभारी प्राचार्य सुश्री सोनू कनेश ने वैदिक गणित के महत्व को रेखांकित किया. डॉ.संदीप कुमार सिंह ने गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान विषय पर विचार प्रकट किए. इसके साथ ही श्रीनिवास रामानुजन के गणितीय कार्यों का विज्ञान के क्षेत्र में महत्व बताया गया. कार्यक्रम में डॉ.रितेश महाड़िक, डॉ. कपिल जाटव, जेपी माथुर, अनिल नागर, श्रीमती दीपिका गुप्ता, नरेन्द्र कुमार भाटी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही.




### तार्किक सोच विकसित करने का माध्यम है गणित

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के वित्तीय सहयोग से संपन्न हो रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, तर्कशक्ति एवं नवाचार को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य हेमेंद्र यादव ने की. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में ओपी पाटीदार, सियाराम पाटीदार, रविकांत त्रिपाठी, गौरव व्यास, बद्रीलाल नागर, डॉ.साक्षी वर्मा, श्रीमती प्रेरणा, श्रीमती रेखा गहलोत एवं श्रीमती सना परवीन सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे. अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य यादव ने कहा कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निर्णय क्षमता एवं तार्किक सोच विकसित करने का माध्यम है. श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान गणितज्ञों का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है. राष्ट्रीय गणित सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों की सृजनात्मक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें गणितीय मॉडलों की प्रदर्शनी, गणित दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, रंगोली प्रतियोगिता शामिल है. इन गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन शैलेंद्र कसेरा ने गणित को सरल, रोचक एवं व्यावहारिक रूप में समझाते हुए रामानुजन के जीवन, उनके शोध कार्यों एवं गणित में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास एवं जिज्ञासा को सफलता की कुंजी बताया.संचालन श्रीमती ज्योति रिणवा ने किया तथा अंत में सुयश तोमर ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया. राष्ट्रीय गणित दिवस सप्ताह का यह आयोजन विद्यार्थियों में गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हो रहा है.




### बीकेएसएन कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के माध्यम से मां सरस्वती व महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया. आयोजन में अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण डॉ. अनिता यादव ने दिया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गरिमा गड़करी प्रधानमंत्री कॉलेज एक्सीलेंस राजा भोज स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार ने श्री निवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामानुज की गणित में बचपन से ही रुचि थीं, जो बाद में एक महान भारतीय गणितज्ञ के रूप में विख्यात हुए और आज हम उनको याद कर रहे हैं. इस अवसर पर डॉ. बीके सोलंकी ने कहा कि गणित के बिना हम सब अधूरे हैं, गणित एक रोचक विषय है. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सचिन कावठेकर ने किया तथा आभार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. बीएल मालवीय ने माना. इस अवसर पर वैदिक गणित का वैशिष्ट्य विषय पर निंबध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छह प्रतिभागियों ने भाग लिया. चंचल वर्मा बीएससी प्रथम स्थान पर रही, जया गवली बीएससी प्रथम ने दूसरा स्थान पाया. तबस्सूम बीए बीकाम प्रथम की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. आयोजन के उपरांत अतिथियों को पुस्तक प्रदर्शनी का भ्रमण कराया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्र छात्राएं बडी संख्या में उपस्थित रहे.

# लाहोरी उप स्वास्थ्य केंद्र को मिला एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

## वर्चुअल निरीक्षण में 12 बिंदुओं पर जांची व्यवस्थाएं

**शाजापुर, 22 दिसंबर. शाजापुर जिले के लाहोरी उप स्वास्थ्य केंद्र पर 12 नवंबर को नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा नेशनल क्वालिटी अश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) वर्चुअल मूल्यांकन किया गया. 12 बिंदुओं पर किए गए इस मूल्यांकन में स्वास्थ्य केंद्र की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई, जिसके चलते आज उप स्वास्थ्य केंद्र लाहोरी को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट जारी किया गया.**



बता दें एनक्यूएएस स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और उनकी विश्वसनीयता बढ़ाना है. यह कार्यक्रम गुणवत्ता आश्वासन के लिए एक ढांचा प्रदान करता है, जो सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, संक्रमण नियंत्रण और गुणवत्ता प्रबंधन जैसे बारह मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है. इन्हीं बिंदुओं के आधार पर लाहोरी उप स्वास्थ्य केंद्र का भी वर्चुअल मूल्यांकन किया गया, जिसमें सीएचओ श्रीमती पायल ग्वाला के निर्देशन में स्वास्थ्य केंद्र बारह बिंदुओं पर खरा उतरा. इसी का परिणाम रहा कि विभाग द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र लाहोरी को आज एनक्यूएएस सर्टिफिकेट जारी किया गया. इस उपलब्धि में अशोक नागर, मानसिंह भिलाला, ज्योति विश्वकर्मा, अंकित धाकड़, शैलेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र सोलंकी, अरविंद चौधरी, जितेंद्र मौर्य, सुनीता सौराष्ट्रीय का सराहनीय योगदान रहा.

### इन बिंदुओं पर हुआ मूल्यांकन...

एनक्यूएएस सर्टिफिकेट के लिए जिन 12 बिंदुओं पर उप स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया गया, उनमें सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायक सेवाएं, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन, परिणाम आदि शामिल हैं.

### विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए एलईडी भेंट की

**सोयतकलां, 22 दिसंबर.** संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बैंक ऑफ इंडिया शाखा सोयतकलां द्वारा एलईडी टेलीविजन का उपहार प्रदान किया गया. इस अवसर पर सहायक शाखा प्रबंधक जितेंद्र मीणा ने विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के लिए प्रेरित किया. विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र कुमार जैन ने बैंक ऑफ इंडिया को विद्यार्थियों के हितार्थ दी गई. इस भेंट के लिए आभार एवं धन्यवाद दिया. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.यह जानकारी विद्यालय के शिक्षक मीडिया प्रभारी प्रकाश चंद सकाया एवं सह मीडिया प्रभारी गोपाल भावसार ने दी.

### सुशासन सप्ताह अंतर्गत शिविर आयोजित

**सोयतकलां, 22 दिसंबर.** सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में नगर परिषद सोयत कला में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई. शिविर के दौरान नागरिकों से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा मौके पर ही कई प्रकरणों का निराकरण किया गया. साथ ही लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया. नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक मनाया जा रहा है. इसी के तहत शनिवार को सुशासन सप्ताह अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3,4 एवं 5 मे शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया. शिविर में नगर परिषद कर्मचारी, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# नपा कार्यालयों पर लगेंगे सोलर प्लांट, लाखों के बिजली बिल की होगी बचत

## नगर के विकास को मिलेगी गति, प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**शाजापुर, 22 दिसंबर. अब नगर पालिका द्वारा अपने कार्यालयों पर सोलर प्लांट लगाया जाएगा. जिससे नपा को लाखों रूपये के बिजली के बिल की बचत होगी. जिससे नगर विकास को गति मिलेगी. इसके लिए नपा द्वारा जमीन की तलाश की जा रही है. सोलर प्लांट लग जाने से नपा का खुद का बिजली उत्पादन तो होगा ही, साथ ही नपा द्वारा विद्युत कंपनी को भी बिजली प्रदाय की जा सकेगी.**



अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा सोलर प्लांट लगाए जाकर बिजली का उत्पादन किया जाता था, लेकिन यह पहली बार है जबकि नगरीय निकाय द्वारा सोलर प्लांट लगाया जाएगा. शाजापुर नगर पालिका सोलर प्लांट लगाने के लिए 5 हेक्टेयर भूमि की तलाश कर रही है, इस भूमि पर सोलर प्लांट लगाकर बिजली का उत्पादन किया जाएगा. जिसे नपा द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को दिया जाएगा. वैसे भी समस्त शासकीय कार्यालयों पर सोलर पैनल लगाए जाने के लिए आदेश जारी हुए हैं. इन आदेशों के पालन में नगर पालिका के भवन पर भी सोलर पैनल लगाए जाएंगे. सोलर पैनल लगाने का मुख्य उद्देश्य विद्युत बिल को कम करना हैं. सरकार द्वारा तय एजेंसी के माध्यम से नपा के भवन पर यह सोलर पैनल लगाए जाएंगे. इस सोलर पैनल से बनने वाली बिजली को नपा द्वारा उपयोग किया जाएगा. जिससे नपा के बिल में कटौती होगी.

### नगरीय सीमा से बाहर भी हो सकती है भूमि...

जानकारी के अनुसार सोलर प्लांट लगाने के लिए नगर पालिका भूमि का चयन नगरीय सीमा या इससे बाहर भी कहीं पर कर सकती हैं. जिले में कुछ स्थानों पर विभिन्न कंपनियों द्वारा सोलर प्लांट लगाए गए हैं उसी तर्ज पर नपा भी सोलर प्लांट तैयार कराएगी. जिसकी बिजली का उपयोग नपा करेगी. नगर पालिका द्वारा सोलर प्लांट के लिए 5 हेक्टेयर भूमि का चयन ग्राम भिलवाडिया में किए जाने का प्रयास किया जा रहा है. क्योंकि भिलवाडिया में ही ट्रेचिंग ग्राउंड तैयार हो रहा है. ऐसे में इसी ट्रेचिंग ग्राउंड के पास ही सोलर प्लांट भी लग जाएगा तो नपा को ज्यादा आसानी रहेगी. इसके लिए नपा द्वारा इसी स्थान पर जोर दिया जा रहा हैं.

### 30 से 35 लाख रूपये बिजली बिल वहन कर रही नगर पालिका...

वर्तमान में नगर में नपा के सभी भवनों एवं स्ट्रीट लाइट मिलाकर करीब 30 लाख रुपए प्रतिमाह बिजली बिल आता है. ऐसे में सोलर पैनल लगने से इस बिल की राशि में कमी आएगी. क्योंकि नपा द्वारा वाटर वर्क्स सहित विभिन्न कार्यालयों पर बिजली का उपयोग किया जाता है जिससे नगरवासियों को सुविधा मिलती है. यदि सोलर प्लांट ओर पैनल लग जाता है तो इससे नपा का खुद का बिजली उत्पादन हो सकेगा और लाखों रूपये की बचत हो सकेगी. इससे लोगों को राहत मिल सकेगी. इसके लिए नपा के भवनों की छत पर सोलर पैनल लगाने के साथ ही अब नपा द्वारा 5 हैक्टेयर भूमि पर भी सोलर प्लांट लगाया जाएगा. इसके लिए पांच हैक्टेयर जमीन की जरूरत हैं. जिसकी नपा द्वारा तलाश की जा रही है.

### इनका कहना है...

*समस्त शासकीय कार्यालयों के साथ ही नपा के समस्त भवनों पर भी सोलर पैनल लगाए जाएंगे. इसके साथ ही नपा द्वारा सोलर प्लांट लगाया जाएगा. जिससे लाखों रूपये के बिल की बचत होगी और इस राशि का उपयोग नगरवासियों की सुविधा के लिए किया जाएगा. इसके लिए 5 हेक्टेयर भूमि की तलाश की जा रही है. भूमि नगर पालिका सीमा या इससे बाहर भी देखी जा रही हैं ताकि प्लांट लगाया जा सके.*

***-प्रेम जैन, नपाध्यक्ष, शाजापुर***

## एक नजर में

### कॉलेज चलो अभियान उच्च शिक्षा विभाग की अभिनव पहल : डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने

# विद्यार्थी ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे प्रवेश ले सकते हैं

**शाजापुर, 22 दिसंबर. उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय शाजापुर के प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा के मार्गदर्शन में डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने जिला नोडल अधिकारी ई-प्रवेश एवं कॉलेज चलो अभियान एवं डॉ. दिनेश निंगवाल विभागाध्यक्ष संस्कृत, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सतगांव एवं सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल दुपाडा पहुंचे.**



उक्त कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ.अरुण कुमार बोड़ाने ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी ई प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे प्रवेश ले सकते हैं एवं घर बैठे ही प्रवेश शुल्क भी जमा कर सकते हैं. डॉ.बोड़ाने ने विद्यार्थियों को डीजी लॉकर स्वयं पोर्टल एवं एबीसी आईडी के बारे में बताकर इनके महत्तव को भी रेखांकित किया. डॉ.दिनेश निंगवाल ने शासन कि विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, एनसीसी, एनएसएस एवं खेलकूद विधाओं कि जानकारी दी. उक्त कार्यक्रम के दौरान दोनों ही विद्यालयों में प्राचार्य, विद्यालय स्टाफ सहित अनेक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे.

### युवती ने खाया जहर, मौत

**सोयतकलां, 22 दिसंबर.** नगर की एक 20 वर्षीय युवती ने प्रेम प्रसंग में जहर खाकर आत्महत्या कर ली. मृतक युवती के परिजनों ने शनिवार को पुलिस थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया नगर की किरण माली उम्र 20 वर्ष निवासी सोयत कला की गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज करवाई थी. पुलिस युवती की तलाश में जुटी थी, इसी बीच झालावाड़ अस्पताल मे युवती की मौत की जानकारी लगी. सूचना मिलते ही सोयत पुलिस रविवार को झालावाड़ पहुंची व मृतक युवती का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द की.